




हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता



वर्ष : 8 • अंक 109 • जुलाई 2014 • मूल्य : 150/– वार्षिक



## राष्ट्रमण्डल खेलों में भारोत्तोल में कांस्य जीत

## गणेश माली

## ने रचा इतिहास






# अमरपुरा (नागौर) रामदेव मन्दिर के भूमि पूजन शिलान्यास समारोह की झलकियां


























टैक्नोकेट के दीपकसिंह गहलोत को सम्मानित करते राजस्थान के डीजीपी ओमेन्द्र भारद्वाज

## जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस के लोगो में ब्लू सिटी की छाप

जोधपुर| शहर कमिश्नरेट पुलिस का लोगो तैयार हो गया है। पुलिस महानिदेशक ओमेंद्र भारद्वाज गुरुवार को इसे जारी करेंगे। शहर की ही आईटी कंपनी टेक्नोसॉफ्ट ने यह लोगो निशुल्क तैयार किया है। यह लोगो पुलिस अधिकारियों के दाएं बाजू पर लगा नजर आएगा। देश में जहां भी पुलिस कमिश्नरेट प्रणाली है, वहां उसका विशेष लोगो होता है। जयपुर, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई कमिश्नरेट का भी अपना लोगो है।




### ब्लू सिटी का ब्लू सनसिटी का सूर्य

जयपुर कमिश्नरेट के लोगो में गुलाबी रंग है। हमारे कमिश्नरेट के लोगो में नीले रंग के बैकग्राउंड के साथ सूर्य दर्शाया गया है।

### तिरंगे और अशोक स्तंभ से राष्ट्रीयता का भाव

शील्ड आकार के लोगो की लंबाई 6.7 सेमी व चौड़ाई 6 सेमी है। कमिश्नर सचिन मित्तल के अनुसार अशोक स्तंभ के साथ राष्ट्रीय ध्वज के तीनों रंगों का भी उपयोग किया।

### सर्व सुरक्षार्थ, सर्व सेवार्थ

लोगो में जोधपुर कमिश्नरेट पुलिस का ध्येय वाक्य भी लिखा गया है। गोलाकार भाग में दायीं ओर सफेद पट्टी पर सर्व सुरक्षार्थ व बायीं ओर सफेद पट्टी पर सर्व सेवार्थ लिखा गया है। इनके फोंट का कलर भी आसमानी रखा गया है।

RAJHIN 16445/20/1/2013-TC

# माली सैनी सन्देश

● वर्ष : 8 ● अंक 109 ● जुलाई - 2014 ● मूल्य : 150/- वार्षिक


**सम्पादक मण्डल**

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, जोधपुर ठेकेदार ऐसोसियेशन)
(अध्यक्ष, माली सैनी समाज सेवा समिति)

**सह संरक्षक:**



**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(पूर्व पार्षद)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों मो. 94149 14846)

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)

**कम्प्यूटर**

**इरशाद ग्राफिक्स, जोधपुर**
(मो. 7737651040)

पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ सम्पादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है। सभी प्रसंगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।


## इस अंक में

आवरण कथा

## समाज में व्यक्ति नहीं, आचरण और संस्कारों पूजा: प्रभुलाल सैनी





आचार्य राम गोपाल शास्त्री महात्मा कालूराम सेवा सम्मान से सम्मानित
संत लिखमीदास जी महाराज की जयन्ति धूमधाम से बनाई
प्रदेश में अब तक 30 लाख किसानों को दिए मृदा कार्ड
सैनी समाज ने निकाली ठाकुरजी की भव्य रथ यात्रा
माली समाज खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विजेताओं की सूची
माली समाज के सामूहिक विवाह की सफलता के लिए भगवान शंकर अभिषेक
मथानिया में रक्तदान शिविर सम्पन्न
शिक्षा से ही उन्नति संभव
कपिल गहलोत ने रचा नया विश्व किर्तिमान
समाज में व्यक्ति नहीं, आचरण और संस्कारों पूजा: सैनी
शिक्षा ही उन्नति कर सकती है
राष्ट्रमण्डल खेलों में गणेश माली ने जीता स्वर्ण पदक
सैनी समाज के प्रसिद्ध भामाशाह बजरंग लाल वर्मा का निधन
माली समाज खेलकूद प्रतियोगिताओं का रंगारंग समापन
भंवर लाल तंवर अध्यक्ष तथा राधेश्याम चूनवाल मंत्री निर्वाचित
दीपेन्द्र सैनी का असिस्टेण्ट कमांडेट पद पर चयन
राजस्थान में जैतून व खजूर की खेती को मिलेगा बढ़ावा

# सम्पादक की कलम से ...



## समाज संगठन में पत्रिका का सहयोग....



**मनीष गहलोत**
प्रधान सम्पादक

शिक्षा मनुष्य का आभूषण है, जो समाज जितना शिक्षित होगा, वह उतना ही विकसित होगा। अत: समाज में शिक्षा का प्रचार-प्रसार अति आवश्यक है। अपना समाज शिक्षा के क्षेत्र में अल्प विकसित है। समाज में सरकारी उच्च पदों (आई.ए.एस., आर.ए.एस. तथा अन्य भारतीय एवं राज्य प्रशासनिक) सेवाओं में हमारी उपस्थिति नगण्य है।

उच्च पदों पर आसीन एवं शिक्षित , प्रबुद्ध समाज बंधुओं से समाज कुछ उपेक्षाएं भी रखता है। आजकल युवा वर्ग शिक्षित हो रहा है, अर्थात एम. ए., बी. एए. अथवा अन्य डीग्री प्राप्त कर रहे है फिर भी वे दर-दर भटक रहे है, उन्हें उचित नौकरी अथव सेवा नहीं मिल रही है। इसके लिए हम सभी को चिंतन करना चाहिए। युवा वर्ग जो अध्ययन कर रहा है उन्हें सही दिश-निर्देश (गाइडेंस), केरियर गाइडेंस प्राप्त नहीं हो रहा है, जिससे वे शिक्षित बेरोजगार हो रहे हैं।

कक्षा दसवीं उत्तीर्ण करने पर उन्हें प्राप्तांक एवं अभिरूचि के अनुरूप वैकल्पिक विषय चुनने में मदद एवं मार्गदर्शन प्रदान करें, ताकि छात्र को आगे पढ़ने में मददन प्राप्त हो एवं कक्षा बारवीं के पश्चात प्राप्तांको के अनुसार उनकी अभिरूचि को ध्यान में रखते हुए उसे तकनीकी शिक्षा अथवा अन्य शिक्षा के साथ ही किस प्रकार का प्रशिक्षण प्रदान किया जा एकी वे आत्मनिर्भर बन सके।

जो छात्र उच्चअध्ययन हे योग्य हो उन्हें अवश्य उच्च शिक्षा दिलवायें, उच्च शिक्षा के लिए कोर्स का चयन करते समय छात्र की अभिरूची एवं पूर्व कक्षा में प्राप्तांकों का अवश्य ध्यान में रखा जाये, उसी क अनुसार उन्हें उच्च शिक्षा हेतु प्रेरित करें।

विद्यार्थियों को विभिन्न कोर्स के बारे में जानकारी प्रदान की जाए। जैसे इंजिनियरिंग, पी.एम. टी., बी. टेक, एम.टेक, कम्प्यूटर एप्लीकेशन तथा अन्य विज्ञान से सम्बन्धित शाखाएं। मैनेजमेंट में बी. बी. ए., एम. बी. ए., बैंकिग सेवाएं (आई बी.पी.एस.), चार्टड एकाउण्ट्स (सी. ए.), कम्पनी सेक्रेट्री(सी.एस.) आदि कार्स के बारे में जानकारी प्रदान की जाये तथा कोर्स के चुनाव में मददन करें। उच्च शिक्षा के बाद विद्यार्थियों की सोच विकसित हो जाती है। विभिन्न क्षेत्रों की सेवाओं के लिए स्वयं तैयारी करने में लग जाता है, प्रतियोगी परीक्षाएं देता है, और उर्त्तीण करने का प्रयास करता है। ऐसे समय में समाज के जो बंधु उच्च पदों पर आसीन है अथवा जिन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अनुभव है, अथवा उच्च पदों से सेवानिवृत हो चुके हैं तथा प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी करवाते है उनका मार्गदर्शनन एवं मदद छात्र-छात्राओं के लिए बहुत उपयोगी होगी।

अत: ऐसे प्रबुद्ध समाज बंधुओं से विनम्र निवेदन है कि होनहार युवाओं को आगे बढ़ाने में सहयोग करें, जिससे समाज में शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा तथा युवाओं को शिक्षित बेराजगार होने से रोकेगा। इस कार्य हेतु सभी बंधुओं का सहयोग अपेक्षित है। जिससे समाज शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ेगा ताकि समाज का शैक्षिकएवं आर्थिक विकास होगा। हमारी पत्रिका के माध्यम से आप अपने मागदर्शनन से भी लाभान्वित कर सकतें है।

**जय माली सैनी समाज**

# समाज में व्यक्ति नहीं, आचरण और संस्कारों पूजा: सैनी



## संतों और आमजन ने लिया हिस्सा

अमरपुर में मंदिर के शिलान्यास व भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद समाज की आम सभा भी हुई। मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने ब्यौरा भी रखा। इसमें राज्य कृषि मंत्री सहित कई पर्व विधायकों व संतों ने भाग लिया। आराध्य देव बाबा रामदेव के पहले भव्य मंदिर के शिलान्यास के उत्सव पर बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया।

राज्य के कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सैनी ने सोमवार को नागौर के नजदीक अमरपुर गांव में संत लिखमीदास महाराज के आराध्य देव बाबा रामदेव के मंदिर की आधारशिला रखी तथा भूमि पूजन किया। संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज स्मारक विकास संस्थान की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में कई जन प्रतिनिधियों समेत माली सैनी समाज के हैदराबाद, जोधपुर, जयपुर, बीकानेर व अन्य जगह से आए लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर समाज उत्थान व सर्व समाज सदभावना के मुद्दे पर भी विचार रखे गए। कृषि मंत्री प्रात: 11:30 बजे अमरपुर पहुंचे तथा समारोह में मंत्रोच्चार के बीच बाबा रामदेव मंदिर की आधारशिला रखी। इस मौके पर संध्या के अध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत भी उपस्थित थे। शिलान्यास के बाद कृषि मंत्री ने कहा कि धर्मनीति तथा राजनीति दोनों एक दूसरे से अलग हैं। उन्होंने कहा, राजनीति में वही व्यक्ति आगे बढ़ सकता है जो सभी समाजों को साथ लेकर चलता है।

उन्होंने उपस्थित आमजन से ज्योतिबा फुले की कल्पना के अनुसार विश्व कल्याण कैसे हो, इस पर मंथन करने के लिए कहा। कृषि मंत्री ने जयपुर के टर्मिनल मार्केट को अंतरराष्ट्रीय लेवल की फूलों की मंडी बनाने की बात कही। संस्थान अध्यक्ष व पूर्व मंत्री राजेंद्र गहलोत ने कहा कि भक्त की मदद के लिए भगवान स्वंय आते हैं। लिखमीदास महाराज जब मुसीबत में थे तब भगवान ने उनकी मदद की। हमारे समाज के पहले आराध्य देव हैं। संत राधवांनद ने कहा कि भगवान अपने उसी भक्त का ध्यान रखते जो भक्त केवल मुसीबत में ही नहीं अच्छे समय के दौरान भी भगवान को नहीं भूलता।

## इन्होंने किया संबोधित

इस दौरान गुजरात के पुर्व विधायक अनिल भाई, महात्मा ज्योतिबा फुले विश्व विधालय के कुलपति निर्मल पंवार, पुर्व विधायक मदन लाल सैनी, नागौर नगर परिषद सभापति बिरदीचंद सांखला, गंगा राम गहलोत, नरेंद्र कच्छावा, माली सैनी समाज अध्यक्ष कृपाराम देवड़ा, नरसिंग पंवार, राधवानंद महाराज, चेतन गिरी महाराज, नरसिंग दास महाराज, नरेंद्र पंवार सहित लोगों ने संबोधित किया।

## राजस्थान में जैतून व खजूर की खेती को मिलेगा बढ़ावा

नागौर. अमरपुर में शिलान्यास के कार्यक्रम के दौरान कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभू लाल सैनी ने कहा कि पश्चिम राजस्थान में किसानों को जैतून व खजूर की खेती के लिए प्रोत्साहन दिया जा रहा है। राजस्थान वह पहला राज्य होगा जहां इसकी खेती हो पाएगी। मारवाड़ के किसानों की आर्थिक दशा सुधारने के लिए बीकानेर जिले के लूणकरणसर में रिफाइनरी भी लगाई जाएगी। सैनी ने नागौर में धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि मारवाड़ मे जैतून व खजूर की खेती की प्रबल संभावना हैं। आठ कृषि फार्मो पर इसका परीक्षण सफल रहा है। खजूर की खेती के लिए जोधपुर में पौधे तैयार करवाए गए हैं। नागौर में भी खजूर की खेती की प्रबल संभावनाएं हैं। चयनित किसानों को जैतून व खजूर की खेती के लिए कृषि विशेषज्ञों की ओर से प्रेरित किया जाएगा। कृषि क्षेत्र में नवाचार के जरिए किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत की जाएगी। उन्होंने कहा कि गुजरात की तर्ज पर राजस्थान के किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए जा रहे हैं।

**रक्तदान महादान**

# प्रदेश में अब तक 30 लाख किसानों को दिए मृदा कार्ड



राजस्थान के कृषि मंत्री प्रभूलाल सैनी ने सोमवार को यहां कहा कि प्रदेश में 68 लाख किसानों मृदा कार्ड जारी करने के लक्ष्य की तुलना में करीब 30 लाख किसानों को कार्ड जारी कर दिए गए हैं। किसान अपनी मिट्टी का स्वयं परीक्षण करवा सकेंगे।

पंचायत मुख्यालयों पर मौसम संयंत्र: कृषि मंत्री ने कहा कि फसल बीमा योजना को अब पंचायत स्तर पर इकाई माना जाएगा। इसके लिए सरकार ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। पंचायत मुख्यालय पर मौसम संयंत्र लगाए जाएंगे। स्वैच्छिक बीमा योजना में भी आवश्यक संशोधन करवाकर किसानों की माली हालत को सुधारा जाएगा। नागौर, भीलवाड़ा, बूंदी जिलों में किसानों के फसल बीमा को लेकर कंपनियों द्वारा गड़बड़ी करने की जांच करवाई जा रही है। कृषि मंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मानसून आने में भले ही देरी हो पर किसानों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। खरीफ फसल के लिए किसानों को 23 लाख मिनी किट बीज वितरित किए गए हैं। किसान कम पानी में अधिक उत्पादन के लिए मूंग, मोठ, बाजरा की बुवाई कर सकेंगे। सैनी ने कहा कि प्रदेश में गोवंश के संरक्षण व संवर्धन के लिए अलग से गो मंत्रालय स्थापित किया गया है। प्रदेश में 18 हजार से ज्यादा गो शालाएं है। सरकार की ओर से गोवंश की तस्करी करने वालों के खिलाफ कठोर कानून बनाया जाएगा। कानून में गोवंश की तस्करी करने वाले ट्रक मालिक को भी सात साल की सजा का प्रावधान रखा जाएगा। बछड़ों पर रोक मामले में यह कहा: कृषि मंत्री ने कहा कि नागौर नस्ल के बछड़ों पर परिवहन पर लगी रोक की पत्रावली राष्ट्रपति भवन में विचाराधीन हैं। राज्य सरकार की ओर से पशुपालकों के हित में यह रोक हटाने के लिए पूरी पैरवी की जाएगी। सैनी ने कहा कि प्रदेश के बीज विधायन केन्द्रों में गड़बड़ी की शिकायतें मिली है। विभाग की ओर से जांच करवाई जा रही है। बारां, कोटा, झालावाड़ के बीज विधायन केन्द्रों में भारी अनियमितता सामने आई है। दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। किसानों का हक छीनने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

# सैनी समाज ने निकाली ठाकुरजी की भव्य रथ यात्रा






सैनी समाज नीम चौकी शहर सवाई माधोपुर द्वारा श्रावण मास की पावन तिथि शुक्ल पक्ष की नाग पंचमी को श्री गोपालजी महाराज के मन्दिर से ठाकुरजी की भव्य रथ यात्रा शाही अंदाज से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य बाजारों से गुजरती हुई पुन: मन्दिर पहुंची। रथ यात्रा में समाज की महिलाएं, पुरूष, बच्चों सभी ने नाचते गाते हुए रथ यात्रा में शामिल होकर सामाजिक एकता का परिचय दिया। युवा नेता कमलेश बरसात करके श्रद्धालुओं ने रथ यात्रा का स्वागत किया। जगह जगह पर ठाकुरजी की आरती उतारी गई। यात्रा में जिले से समाज के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। रथ यात्रा की व्यवस्था लक्ष्मीकांत सैनी, योगेन्द्र सैनी, महेन्द्र सैनी, रमेश सैनी, जुगराज सैनी आदि कार्यकर्ताओं ने संभाली। रथ यात्रा पश्चात समाज की धर्मशाला में सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। रथ यात्रा का संचालन कमलेश बारवाल ने किया और रथ यात्रा को सफल बनाने पर सभी को धन्यवाद दिया।

# समाज ने केन्द्रीय मंत्री श्री उपेन्द्र कुशवाहा का सम्मान










हाजीपुर (बिहार)। महात्मा फुले समता परिषद् के जिला स्तरीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केन्द्रीय राज्य मंत्री ग्रामीण विकास व पंचायत राज श्री उपेन्द्र कुशवाह ने शिरकत की। इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्ध जनसमूह को संबोधित करते हुए श्री उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि लोकतंत्र में न्याय व्यवस्था में बराबरी एवं भागीदारी के सिद्वांत पर चलकर ही समाज को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है।

समाज में सभी सामाजिक समूहों को मान सम्मान मिले यह जरूरी है। लेकिन उच्च शिक्षा व बेहतर शिक्षा प्राप्त किये बिना यह संभव नहीं है। हमें हमारी आने वाली पीढ़ी के भविष्य के लिए इस बारे में गंभीरता से सोचते हुए कार्ययोजना बनानी होगी हमारे समाज की जनसंख्या के अनुपात में हमारी सता में मोजूदगी बहुत कम है शिक्षा एवं सामाजिक जागृति से ही हम राजनीति में अपनी उपस्थिति का अहसास करा सकते है।


इस अवसर पर संस्था की और से श्री उपेन्द्र कुशवाहा का सम्मान किया गया।



## मथानिया में रक्तदान शिविर सम्पन्न


मथानिया। मथानिया नवयुवक मण्डल एवं भारत सेवा संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 201 युवाओं ने रक्तदान किया। मथानिया नवयुवक मण्डल के अध्यक्ष महेन्द्र परिहार ने बताया कि मथानिया के माहेश्वरी भवन प्रांगण में रक्तदान शिविर का उद्घाटन रास्नेही संत रामप्रसाद महाराज एवं संत शंकराचार्य, अध्यक्षता विधायक एवं विशिष्ट अतिथि मथानिया के सरपंच पति केवलचन्द गहलोत (बोस) एवं जसवंतसिंह कच्छवाहा जोधपुर ने दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदान शिविर में 201 युवाओं ने रक्तदान किया। शिविर में भाग लेने वाले युवाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# राष्ट्रमण्डल खेलों में गणेश माली ने जीता स्वर्ण पदक



भारत के चन्द्रकांत माली ने राष्ट्रमण्डल खेलों की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में देश के पदक जीतने के अभियान को आगे बढ़ाते हुए पुरूषों के 94 किग्रा भार वर्ग में कांस्य पदक जीत लिया। महाराष्ट्र के कुरूंदवाड कोल्हापुर के चन्द्रकांत ने कुल 338 किग्राम वजन उठाकर ग्लासगो खेलों में कांस्य पदक जीता।

इस स्पर्धा में पापुआ न्यू गिनी के स्टीवन कुकुना कारी ने 349 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। माली के पिता पेशे से किसान है। गणेश के पिता चन्द्रकांत माली रंग रोगन का कार्य करते थे और उनकी पत्नी अनीता खेतों में मजदूरी करती। मुफलीसी और गरीबी के बावजूद गणेश ने जो कारनामा कर दिखाया और सिर्फ कड़ी मेहनत का ही नतीजा है। गणेश के स्थानीय कोच प्रदीप पाटिल ने बताया कि कि गणेश 2006 से वेटलिफिटंग के क्षेत्र में 12 वर्ष की उम्र से जुड़े हुए है। 21 वर्ष के गणेश ने बहुत ही गरीबी के दिन देखे है फिर भी उन्होंने परिस्थितियों से हार नहीं मानी और कड़ी मेहनत और निष्ठा से मेहनत करते रहे। उनके पिता ने बताया कि गणेश को जिम जाकर अपने शरीर को मजबूत बनाने की सलाह दी। जिम में माली की मुलाकात उनके पहले कोच प्रदीप पाटिल से हुई जिन्होंने माली की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें तब तक ट्रेनिंग दी जब तक कि वे भारतीय टीम में शामिल नहीं हो गए और वे गणेश को हमेशा प्रोत्साहित करते रहे।



# शिक्षा ही उन्नति कर सकती है

दिल्ली। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष शंकर राव लिंगे ने माली समाज नवयूवक मंडल सुमेरपुर जिला पाली द्वारा द्वितीय प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह एवं स्नेह सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रुप में उद्घाटन अवसर पर कहा कि महात्मा जोतीराव फुले एवं सावित्रीबाई फुले ने मानव मात्र को उन्नति के पथ पर जाने के लिए शिक्षित होना अनिवार्य रुप से बताया है।



महात्मा फुले ने अशिक्षित सावित्रीबाई फुले को शिक्षित किया फिर प्रशिक्षित कराया और देश की प्रथम नारी शिक्षिका बना दिया, फिर फुले दंपति ने मानव कल्याण के लिए वैज्ञानिक आधार पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अन्धविश्वास, कुरीतियाँ, रुढ़ीवादी परम्परा से निजात दिलाने का रास्ता बताया तथा कहा कि शिक्षा ही उन्नति कर सकती है।

लिंगें ने बताया कि फुले के आदर्शो को लेकर दिल्ली में संस्थान का निर्माण किया है जो समाज के एक लाख विद्यार्थियों को कक्षा 6 से छात्रावास सुविधा के साथ निशुल्क शिक्षित करेगी संस्थान द्वारा गौशाला एवं बागवानी फार्म, शोध एवं अनुसंधान के कार्य तथा रोजगार के लिए कोचिंग तथा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि संस्थान के आजीवन सदस्य बनकर "शिक्षादान की अभिनव योजना" में भागीदार बनें।

नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हिम्मत माली सचिव दीपक माली सहित सभी सदस्यों को बधाई दी समारोह में सर्व श्री रघुभाई देवड़ा, धनराज माली, विजय सिंह माली आदि ने भी विचार प्रकट किये।



# माली समाज खेलकूद प्रतियोगिताओं का रंगारंग समापन

जोधपुर। माली संस्थान की ओर से आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं का रविवार शाम यहां सुमेर स्कूल प्रांगण में रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर समाज के युवक युवतियों और बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां से समां बांध दिया। समाज के बच्चों ने जहां नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। वहीं फैशन शो में राजस्थानी परम्परा को मंच पर साकार किया। कार्यक्रम में जेडीए के पूर्व चैयरमेन राजेन्द्र सोलंकी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र गहलोत, भाजपा के शहर जिलाध्यक्ष नरेन्द्र कच्छवाह और पूर्व महापौर ओमकुमारी बतौर अतिथि मोजूद थी। राजसिको के पूर्व अध्यक्ष सुनील परिवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## माली समाज की प्रतिभाएं होगी सम्मानित

माली संस्थान जोधपुर की ओर से मारवाड़ क्षेत्र के अंतर्गत माली समाज की प्रतिभाओं की हर वर्ष की भांति इस साल भी विजय दशमी पर 3 अक्टूबर को सोनीदेवी गहलोत देवीलाल गहलोत गुरूकुल छात्रावास रामबाग महामन्दिर जोधपुर में सम्मानित करने केलिए ऑनलाइन आवेदन आमन्त्रित किए गए है।

माली संस्थान जोधपुर के अध्यक्ष देवीचन्द देवड़ा ने बताया कि मेघावी छात्र छात्राएं जिनका चयन आईआईटी, सीपीएमटी, आईआईएम, एनएलयू या आरपीएमटी समकक्ष संस्थान में हुआ है। दसवीं व बारहवीं बोर्ड में 75 प्रतिशत या अधिक तथा उच्च शिक्षा इंजी., मेडिकल में 60 फीसदी या अधिक अंक हासिल किए है। छात्रवृति के लिए गरीब व आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थी व जिनका पिता या संरक्षक आयकर दाता नहीं है। वे ऑनलाइन आवेदन 3 सितम्बर तक वेबसाइट www.sainimalisamaj.com पर कर सकते है।

# रंगोली में छाई माली समाज की प्रतिभाएं



माली समाज की ओर से आयोजित प्रतियोगिताओं में बालिकाओं व महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया।

## जलेबी के लिए दौड़े, चेयर के लिए छीना झपटी







## सब्जी-फल दलाल संघ के चुनाव संपन्न

जोधपुर! पावटा स्थित फल सब्जी मंडी के सब्जी-फल दलाल संघ की बैठक सोमवार को गोपीकिशन पंवार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान संघ के चुनाव भी करवाए गए। चुनाव अधिकारी डॉ. छैलसिंह गहलोत व जगदीश गहलोत ने बताया कि चुनाव में संतोकसिंह गहलोत को अध्यक्ष, राजेश कुमार गहलोत उपाध्यक्ष, फतेहसिंह देवड़ा सचिव, नंदकिशोर परिहार सहसचिव, प्रेमसिंह सोलंकी कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गए। चुनाव के बाद सब्जियों के बढ़ते भावों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों ने शीघ्र ही इस पर अंकुश लगाने के लिए उत्पादकों व किसानों से सीधी वार्ता कर समाधान निकालने की बात कही।

# माली समाज के सामूहिक विवाह की सफलता के लिए भगवान शंकर अभिषेक



माली सैनी समाज सामूहिक विवाह संस्थान के तत्ववावधान में शिव पार्वती गोपेश्वर बस्ती बीकानेर में 03 नवम्बर 2014 को होने वाले माली समाज के समाूहिक विवाह की सफलता के लिए भगवान शंकर का अभिषेक रखा गया। मन्दिर परिसर में ही पिछले 10 वर्षो से प्रत्येक रविवार को संस्थान के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की बैठक रखी जाती व इसी स्थान पर अब तक 7 सामूहिक विवाह सफलता पूर्वक सम्पन्न हो चुकी है। इसी कारण कार्यकर्ताओं द्वारा प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी अभिषेक का आयोजन रखा गया। अभिषेक में 21 किलो दूध, 5 किलो पुष्प, पंचाअमृत, ईत्र, बिल पत्र का उपयोग किया गया व प्रसाद का वितरण किया गया। अभिषेक का आयोजन संस्थान के उपाध्यक्ष श्री हनुमान गहलोत के साथ निम्न गणमान्य लोगों ने भाग लिया। गौरधन सांखला, शंकरलाल गहलोत, शांतिलाल गहलोत, बंशीलाल गहलोत, घनश्याम सांखला, ओम प्रकाश पंवार, करणीसिंह सोलंकी व सम्पतलाल तंवर आदि।

# कपिल गहलोत ने रचा नया विश्व किर्तिमान





जोधपुर। राजस्थान एडवेंचर स्पोर्ट्स कल्चरल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के सदस्य समाज के युवा श्री कपिल गहलोत ने गुरूवार 18 जुलाई 2014 को सुबह 8.30 बजे स्केट्स पहनकर 7600 किलो वजनी बस को 2 मिनट 58 सैंड में 144 मीटर दूर ले जाने का हैरतअंगेज करतब दिखाया।

यह कारनामा गिनिज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड की ओर से प्राप्त दिशा निर्देश के आधार पर किया गया। उन्होंने बताया कि अब कारानामें को गिनिज में दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। इससे पहले जिला कलेक्टर पीबी यशवंत ने गौशाला मैदान में कपिल को प्रोत्साहित किया। इस मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में महापौर श्री रामेश्वर दाधिच, सड़क की तकनीकी माप और बस का वजन निर्धारित करने के लिए प्रो. सुनील शर्मा, एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज, अंवति गहलोत, सहायक अभियंता महानरेगा, जिला परिषद उपस्थित रहे। इसके अलावा गौशाला अध्यक्ष श्री जयसिंह गहलोत सचिव श्री अजित सिंह राठौड़ आदि भी उपस्थित रहे। कपिल गहलोत इससे पूर्व भी अनेकों रिकार्ड बना चुके है। इन्होंने टीवी सिरियल इंटरटेन्टमेण्ट के लिए कुछ भी करेगा में भी अपने कारनामें से सभी को आश्चर्य चकित कर दिया। माली सैनी संदेश उन्हें हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामनाएं करता है।




# शिक्षा से ही उन्नति संभव

दिल्ली। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष फांकर राव लिंगे ने माली समाज नवयूवक मंडल सुमेरपुर जिला पाली द्वारा द्वितीय प्रतिभावान विद्यार्थी सम्मान समारोह एवं स्नेह सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रुप में उद्घाटन अवसर पर कहा कि महात्मा जोतीराव फुले एवं सावित्रीबाई फुले ने मानव मात्र को उन्नति के पथ पर जाने के लिए शिक्षित होना अनिवार्य रुप से बताया है।महात्मा फुले ने अशिक्षित सावित्रीबाई फुले को शिक्षित किया फिर प्रशिक्षित कराया और देश की प्रथम नारी शिक्षिका बना दिया, फिर फुले दंपति ने मानव कल्याण के लिए वैज्ञानिक आधार पर चलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अन्धविश्वास, कुरीतियाँ, रुढ़ीवादी परम्परा से निजात दिलाने का रास्ता बताया तथा कहा कि शिक्षा ही उन्नति कर सकती है।

लिंगें ने बताया कि फुले के आदर्शों को लेकर दिल्ली में संस्थान का निर्माण किया है जो समाज के एक लाख विद्यार्थियों को कक्षा 6 से छात्रावास सुविधा के साथ निशुल्क शिक्षित करेगी संस्थान द्वारा गौशाला एवं बागवानी फार्म, शोध एवं अनुसंधान के कार्य तथा रोजगार के लिए कोचिंग तथा प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने अपील की है कि संस्थान के आजीवन सदस्य बनकर "शिक्षादान की अभिनव योजना" में भागीदार बनें।

नवयुवक मंडल के अध्यक्ष हिम्मत माली सचिव दीपक माली सहित सभी सदस्यों को बधाई दी समारोह में सर्व श्री रघुभाई देवड़ा, धनराज माली, विजय सिंह माली आदि ने भी विचार प्रकट किये।



# मध्य प्रदेश में गुरुकुल स्थापित हो

दिल्ली। महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान द्वारा गुरुकुल की स्थापना करने हेतु गुजरात से उपाध्यक्ष श्री गंगाराम गहलोत द्वारा भूमि का अवलोकन कराया तथा अन्य 5 स्थानों की जानकारी बताई। ब्रिक्स इण्डिया के चेयरमेन तथा प्रसिद्ध ज्योतिशाचार्य श्री बी. आर. सैनी के सफदरजंग दिल्ली स्थित कार्यालय में संस्थान के कोशाध्यक्ष रामलाल कच्छावा, महासचिव रामनारायण चौहान, प्रेरक पूनम चन्द कच्छावा ने उनसे भेंट की, श्री बी. आर. सैनी ने बताया कि गुरुकुल की स्थापना मध्यप्रदेश में करने पर विचार किया जाय वहाँ 3-4 जिलों में भूमि उपलब्ध हो सकती है। स्स्थान द्वारा इस संबन्ध में विचार कर निर्णय लिये जाने तथा भूमि चयन समिति के समक्ष प्रस्ताव रखने का कहा गया है। संस्थान की वार्शिक आम सभा में भी इस संबन्ध में विचार किया जाएगा।

## प्रभुलाल सैनी बने बीकानेर संभाग के प्रभारी

जयपुर ! मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने अपने मंत्री मण्डल के 7 मंत्रियों को एक एक संभाग का प्रभारी बनाया है। इन संभाग प्रभारियों के सहयोग के लिए प्रत्येक जिले का एक सचिव बनाया गया है। श्री प्रभुलाल सैनी, कृषि मंत्री, राजस्थान सरकार को बीकानेर संभाग का प्रभारी बनाया गया है।

# Personalty of the Month



## श्री सुखवाल तंवर

**भामाशाह-समाजसेवी**

श्री तंवर ने महात्मा फुले को सच्ची श्रद्धाजंली देते हुऐ, शिक्षा को बढावा देने हेतु केवल साक्षर होते हुऐ भी महात्मा जी नाम पर- महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यापीठ समिति, चौमूं की 1994 में स्थापना की जिसके वे आजन्म अध्यक्ष बने। 1994 मे ही शिक्षा में पिछडे चौमूँ क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की जो 2001 में चौमूं क्षेत्र में निजि क्षेत्र का प्रथम उच्च माध्यमिक स्तर का (कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय में) विद्यालय बना जो - महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यापीठ समिति पर सैकण्डरी स्कूल चौमूं के नाम से संचालित हैं जिसमें अध्ययन कर चुके विद्यार्थियों में सैकडों की संख्या में डॉक्टर, इंजिनियरिग, सी.ए., शिक्षक, बैंक ऑफिसर, नेवी, सेना व अन्य विभागों में कार्यरत हैं।

महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यापीठ, चौमूँ के संस्थापक, उच्च शिक्षा के प्ररणेता, भामाशाह श्री सुवालाल जी का 76 वर्ष की उम्र में एफ.जे.एफ. मल्टिस्पेशियलिटी अस्पताल, चौमूँ में दिनांक 07-06-2014 को स्वर्गवास हो गया।

श्री तंवर प्रतिभाशाली समाज सुधारक, शांतिप्रिय, कठोरकर्मी, समाज सेवी थे, जिन्होने महात्मा फुले के आदर्शो को अपनाकर अपना जीवन गरीब लोगों के लिए अल्प शुल्क पर उच्च शिक्षा की व्यवस्था कर क्रान्ति लाने में दिखाया जिनके आकस्मिक निधन से पूरे भारतवर्ष का सैनी समाज एवं अन्य समाजों को गहरा आघात लगा, शिक्षा जगत के एक महान प्ररणेता को खो दिया हैं जो कि अपूर्तनीय हैं इनके निधन पर कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी, पूर्व मुंख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत,, सांसद श्री सुमेदानंद सरस्वती, विधायक श्री रामलाल शर्मा, पूर्व विधायक श्री भगवान सहाय सैनी, पूर्व विधायक श्री मदन लाल सैनी एवं विभिन्न समाज के पदाधिकारी एवं शिक्षा जगत के शिक्षाविद् ने अपनी गहरी शोक सवेंदना प्रकट की हैं।

श्री सुवालाल जी का जन्म चान्दजी वाली ढाणी, नगरपालिका चौमूं में गरीब परिवार में 76 वर्ष पूर्व हुआ था। चार भाईयों में सबसे छोटे साक्षर एवं शान्तशील व सुडौल शारीरिक बनावट वाले थे। शुरू में पारिवारिक कार्य मुख्यत: कृषि ही रहा। भाईयों से अलग होने पर 1972 में ग्राम बलेखण में इन्होंने जमीन क्रय कर, बलेखण क्षेत्र में प्रथम बिजली कनैक्शन प्राप्त किया व बलेखण में अन्य काश्तकारों को बिजली सुविधा उपलब्ध करवाई। श्री सुवालाल जी सहकारिता, कृषि जगत में धान, फसल, सब्जी के क्षेत्र में विशेष योगदान से अपनी शुरु से ही पहचान बनाई, कृषि व पशुपालन का कार्य करते हुऐ अपने पुत्र व पुत्रियों को अच्छी शिक्षा दिलाई। श्री तंवर शुरू से ही समाज सुधारक व सामाजिक कुरूतियों के विरोधी, सामाजिक कार्यक्रमों में फिजूल खर्ची के विरोधी व शिक्षा को बढावा देने वाले व अच्छे कार्यो के प्रणेता रहे हैं। महिलाओं द्वारा चोल्या बेचना, घर-घर जाकर सब्जी बेचना, दहेज में नगदी लेना, महिलाओं पर अत्याचार होना, नुकता प्रथा (मृत्यु भोज) को बन्द करवाना, पगडी रस्म में नगदी लेना, मृत्यु होने पर दुशाला डालना, बच्चों के जन्म पर जलवा/मॉडला में पहरावणी लेना व भोज का आयोजन करना इत्यादि कुरूतियों को मिटाने/ बन्द करने हेतु स्वयं आगे होकर समाज के अन्य पंच पटेलों के सहयोग से चौमूं व अन्य क्षेत्रों में विशेष प्रयास कर बन्द करवाया जो आज यर्थात हैं।

अपनी प्रतिभा व महात्मा ज्योतिबा फुले के आदर्शो को आगे बढाते हुऐ महात्मा फुले को सच्ची श्रद्धाजंली देते हुऐ, शिक्षा को बढावा देने हेतु केवल साक्षर होते हुऐ भी महात्मा जी नाम पर- महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यापीठ समिति, चौमूं की 1994 में स्थापना की जिसके वे आजन्म अध्यक्ष बने। 1994 मे ही शिक्षा में पिछडे चौमूँ क्षेत्र में प्राथमिक विद्यालय की स्थापना की जो 2001 में चौमूं क्षेत्र में निजि क्षेत्र का प्रथम उच्च माध्यमिक स्तर का (कला, विज्ञान, वाणिज्य संकाय में) विद्यालय बना जो - महात्मा ज्योतिबा फुले विद्यापीठ समिति पर सैकण्डरी स्कूल चौमूं के नाम से संचालित हैं जिसमें अध्ययन कर चुके विद्यार्थियों में सैकडों की संख्या में डॉक्टर, इंजिनियरिग, सी.ए., शिक्षक, बैंक ऑफिसर, नेवी, सेना व अन्य विभागों में कार्यरत हैं। साथ ही इन्होंने इस क्षेत्र की आवश्यकता व सरकार की मंशा एवं प्रबुद्व नागरिकों की भावनाओं एवं महात्मा जी के आदर्शो को ध्यान में रखते हुऐ- रोजगारमुखी प्रशिक्षण देकर युवक-युवतियों को राष्ट्र सेवा के लिए तैयार करने हेतु 2003 में नर्सिग इन्स्टीट्यूट व एकेडमिक कॉलेज, 2005 में महिला बी.एड. कॉलेज, 2006 में बी.एस.टी.सी. व फिजियोथेरेपी कॉलेज, 2007 में आयुर्वेद नर्सिग व नर्सिग कॉलेज, 2008 में गौरव एजूकेशन बी.एड. कॉलेज, 2009 में वेटेनरी कॉलेज एवं पोस्ट बी.एस.सी. नर्सिग कॉलेज, उदयपुरवाटी व राजगढ में बी. एड. कॉलेज, वर्ष 2012 में मल्टीस्पेशिटी अस्पताल, 2014 में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज की स्थापना की। इनके द्वारा स्थापित इन संस्थाओं के प्रशिक्षणार्थियों ने विश्वविद्यालय परीक्षाओं में मैरिट स्थान प्रतिवर्ष प्राप्त कर रहे हैं व प्रशिक्षण प्राप्त कर राजस्थान, अन्य प्रदेशों व विदेशों में भी सेवाये दे रहें हैं।

इन्होंने केवल अल्प शुल्क की उच्च शिक्षा ही नही बल्कि गरीबो को स्वास्थ्य सेवा को ध्यान में रखते हुये 100 बिस्तरों वाला एम.जे.एफ. मल्टीस्पेशलटी अस्पताल बनाकर श्री राजकुमार शर्मा, श्री प्रभूलाल सैनी, श्री भगवान सहाय सैनी व साधु सन्तों व विशाल जनसैलाब की उपस्थिति में दिनांक

12-12-12 को जन साधारण को पूर्न्याथ समर्पित किया, जोकि चौमूँ क्षेत्र का एक मात्र अस्पताल है जिसको राजस्थान सरकार, सरस डेयरी, अमूल डेयरी, व अन्य कई उपक्रमो इत्यादि से मान्यता प्राप्त हैं एवं अल्प शुल्क एंव नि:शुल्क, न्यूनतम दर पर अपनी सेवाऐं दे रहा हैं।

तवंर साहब की उँची सोच ही ग्रामीण क्षैत्रों में आपने नर्सिंग, शिक्षा, एकेडमिक, पशुपालन, इंजिनियरिंग, तकनीकी, आयुर्वेद मेडिकल इत्यादि कॉलेजो की व्यवस्था हो सकी हैं तथा जनकल्याण को अपना आदर्श मानते हुऐ इन्होने कई बार रक्तदान शिविर, रोगों के प्रति जागृति पैदा करने हेतु नि:शुल्क चिकित्सा कैम्प का समय-समय पर आयोजन करवाकर जनता का कल्याण करवाया। यही नही पशु सेवा से उनका विशेष लगाव था व उनका मानना था कि जिस गाय, भैंस ने दूध देते हुऐ पूरा जीवन बिताया हैं उनके बुढापे में मानव को सेवा करनी चाहिऐ न की उसको काटने के लिए देना चाहिऐ। उन्होने अपने पूरे जीवन में किसी भी गाय, भैंस को काटने के लिए नही बेचा। उन्होने पशु सेवा को मानव सेवा की तरह लेते हुए उनके ईलाज के एफ.जे.एफ. वेटेनरी अस्पताल स्थापित किया जिसमें पशुओं के ऑपरेशन,जॉच व अन्य सभी सुविधाएँ उपलब्ध हैं।

श्री सुवालाल जी सहकारिता मे पूरा विश्वास करते थे साथ ही शादी विवाह फिजूलखर्ची में कमी करने हेतु सामुहिक विवाह प्रवृत्ति को बढाने हेतु जनता को प्रेरित करने में अहम भूमिका निभायी व चौमूं में रामनवमी को प्रतिवर्ष होने वाले सामुहिक विवाह में शादी होने वाले प्रत्येक जोडे को रंगीन टेलीविजन अपनी तरफ से देते आये हैं तथा अन्य लोंगो को भी इस प्रकार से करने के लिए प्रेरित करते आये हैं। जयपुर में समाज के बालक-बालिकाओं हेतु बनने वाले हॉस्टल में एक कमरा बना कर आर्थिक सहयोग किया हैं। उन्होने गरीबों एवं समाज के लिए जब-जब आर्थिक आवश्यकता पडी तब-तब अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करते आये हैं। ये सदैव ही परोपकारी रहे हैं। चौमूँ क्षैत्र के किसी भी समाज के गरीब, नि:शक्तजन को आर्थिक सहायता, फीस, ड्रैस व अन्य सुविधाये देते आ रहे हैं। गणतन्त्र दिवस-2014 को दो स्कूटी (ट्राई मोटरसाइकिल) नि:शक्तजन को नि:शुल्क प्रदान किया।

अच्छे लोगों की भगवान को भी आवश्यकता होती है, इसलिए उनको जल्दी ही बुलाता हैं इनके साथ भी ऐसा ही हुआ 76 वर्ष की उम्र में दिनांक 07-06-2014 को वे देवलोक गमन कर गये। अपने पीछे पत्नि श्रीमती प्रभाती देवी पुत्र-पुत्रियों का भरापुरा परिवार छोड गये।

हम सभी श्री तवंर साहब को कोटि-कोटि नमन करते हुऐ श्रद्धांजली अर्पित करते हैं कि हम सदैव आपके बताऐ सदकर्म, आर्दशों व उच्च विचारो से प्रेरणा लेकर आगे से आगे बढ़ते हुए शिक्षा के प्रति कृत संकल्पित रहने का प्रण लेते हैं।

## सैनी समाज के प्रसिद्व भामाशाह बजरंग लाल वर्मा का निधन

